MMRC ने किया ऐलान, मेट्रो विस्तार में नए भूमिगत खंड का निर्माण शामिल

नेवी नगर तक बढ़ाई गई मेट्रो-3

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने हाल ही में अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन-3 के विस्तार के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया है, जिसके अनुसार मेट्रो-3 अब कफ परेड तक नहीं बल्कि नेवी नगर तक बनाया जाएगा. मिली जानकारी के अनुसार, 2.5 किलोमीटर की लंबाई वाले मेट्रो विस्तार में एक नए भूमिगत खंड का निर्माण शामिल होगा. यह भूमिगत खंड 1.5 किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो प्रस्तावित नेवी नगर स्टेशन पर समाप्त होगा. इस अंडरग्राउंड सेगमेंट में अप से डाउन लाइन ट्रैक तक 1 किलोमीटर की ट्रेन रिवर्सल सुविधा भी स्थापित की जाएगी. इस परियोजना की मांग नौसेना नगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने की है. वर्तमान में वहां के निवासी यात्रा करने के लिए बेस्ट बसों, निजी वाहनों और टैक्सी पर निर्भर रहते हैं. मेट्रो सेवाओं के लाभों को पहचानते हुए, नौसेना अधिकारियों ने मेट्रो-3 सेवाओं को नेवी नगर तक विस्तारित करने के लिए राज्य सरकार से संपर्क किया था, जिसके बाद अब यह फैसला लिया गया है.